दिनांक: 22.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग से करदाताओं को भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को सरल और स्पष्ट बनाने का आह्वान किया।
- भूजल मंत्री कन्हैयालाल ने कहा–प्रदेश, अटल भूजल योजना से जल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर।
- प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आज कजली तीज और संकष्ट चतुर्थी का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है।
- प्रदेश के कई भागों में आज से पूरे सप्ताह मॉनसून सक्रिय रहने के कारण बारिश की संभावना।

000

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग से करदाताओं को भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को सरल और स्पष्ट बनाने का आह्वान किया है, जिससे करदाताओं में डर की भावना पैदा ना हों। नई दिल्ली में आयकर विभाग के एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर नोटिस या पत्र की भाषा सरल होनी चाहिए, जिससे सामान्य करदाता इसे आसानी से समझ सकें। श्रीमती सीतारमण ने भेजे गए नोटिस के कारण का स्पष्टीकरण शामिल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि 72 प्रतिशत करदाता पुरानी व्यवस्था से नई कर व्यवस्था में आए हैं। उन्होंने कहा कि नए करदाताओं की संख्या बढ़ी है और कर दायरा भी बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने इस अवसर पर कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प जारी किया।

इधर, केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगी। वे उदयपुर में रीजनल रूरल बैंक की समीक्षा बैठक सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इस मौके पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जीतनराम मांझी भी मौजूद रहेंगे।

000

देशभर में कल पहला, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। पिछले साल इसी दिन चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के भारत मंडपम में इस अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। इस वर्ष के उत्सव का विषय है – चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा। यह विषय समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहन प्रभाव पर जोर देता है।

कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस उत्सव, परावर्तन, आत्मनिरीक्षण और भविष्य के रेखांकन का दिन है। उन्होंने कहा कि अगले दस वर्ष में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था पांच गुना बढ़कर लगभग 44 अरब डॉलर हो जाएगी।

000

गौरतलब है कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष में पिछले एक महीने में देशभर में एक हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में भारतीय अंतरिक्ष हेकाथॉन और इसरो रोबोटिक्स चेलेंज का भी आयोजन किया गया।

000

भूजल मंत्री कन्हैयालाल ने कहा है कि प्रदेश, अटल भूजल योजना से जल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास जल की उपलब्धता पर निर्भर करता है। कल जयपुर में अटल भूजल योजना पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नई नीतियों और कार्यों का ही परिणाम है कि अटल भूजल योजना में अब प्रदेश, सातवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। भूजल मंत्री ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में पानी की सबसे ज्यादा कमी है। इस बार प्रदेश में अच्छी बारिश हुई, लेकिन बारिश के पानी को संरक्षित करने के पर्याप्त प्रयास नहीं होने से अधिकांश वर्षा जल बेकार बह गया। उन्होंने कहा कि वर्षा जल बचाने के सघन और सामूहिक प्रयास करने होंगे। भूजल के कम दोहन और अधिक रिचार्ज पर ध्यान देना होगा।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अधिकारियों को आगामी रबी सीजन में बिजली की संभावित मांग का आकलन कर किसानों को पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री नागर कल जयपुर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बिजली आपूर्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र के अनावंटित पूल से प्रदेश को मिल रहे 1 हजार मेगावाट बिजली के आवंटन को आगामी रबी सीजन में भी जारी रखने के लिए उच्च स्तर पर आग्रह किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम कुसुम योजना में साढे चार हजार मेगावाट क्षमता के एलओआई जारी किए गए हैं। इसका लाभ 3 लाख से अधिक कृषि उपभोक्ताओं को मिलेगा।

000

भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की तृतीया पर आज प्रदेश के विभिन्न अंचलों में कजली तीज का पर्व मनाया जा रहा है। पति की दीर्घायु की कामना के साथ सुहागिनें चन्द्रोदय तक निराहार रहेंगी। महिलाएं शाम को तलाई पूजन और चंद्रमां के दर्शन के बाद सत्तू का सेवन कर व्रत खोलेंगी। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि कजली तीज को सातूड़ी तीज के नाम से भी जाना जाता है। आज ही संकष्ट चतुर्थी का पर्व भी मनाया जा रहा है।

000

प्रदेश के कई भागों में आज से पूरे सप्ताह मॉनसून सक्रिय रहने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में बादल गरजने के साथ मध्यम और कहीं–कहीं तेज बारिश के आसार हैं। कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग के जिलों में आगामी 5–6 दिन कहीं–कहीं भारी बारिश की आशंका है।

जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो–तीन दिन हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 24 से 26 अगस्त के दौरान जोधपुर संभाग के कुछ भागों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इस बीच, भरतपुर में कल शाम कभी हल्की तो कभी तेज बरसात हुई। इससे कई जगह पानी भर गया। करौली जिले में देर रात हुई बारिश से हिंडौन के कई भागों में जल भराव होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

भीलवाड़ा शहर सहित जिले के रायला, आसींद, गंगापुर और माण्डल में कुछ स्थानों पर मूसलाधार तो कहीं–कहीं रिमझिम बारिश का दौर चला। हनुमानगढ़ के संगरिया में झमाझम बरसारत हुई। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अजमेर में कल रिमझिम बारिश का दौर चला। राजधनी जयपुर और पाली में आज सुबह से ही मौसम सुहावना बना

हुआ है। पाली जिले के नाड़ोल में कल हुई भारी बारिश से राजकीय कस्तूरबा बालिका छात्रावास में पानी भर गया। वहीं गजनई बांध ओवल फ्लो हो गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव कल तक भेजे जा सकेंगे।

000